गुरु घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर(छ.ग.)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

दिनांक : 17.08.11

बिलासपुर : गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्टूडेण्ट्स मैग्जिन– **उड़ानः 2011–12** के अंक के प्रकाशन के लिए प्रथम प्रस्तुति बैठक 17अगस्त, 2011 को हुई। बैठक में माननीय कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने उद्‌बोधन में उन्होंने कहा कि अतिरिक्त कार्यों के चलते अध्ययन–अध्यापन का कार्य कदापि बाधित नहीं होना चाहिए। कक्षाओं में छात्र–छात्राओं की 75 प्रतिशत की उपस्थिति अनिवार्य है। 25 प्रतिशत की छूट में ही विद्यार्थियों को उड़ान के सम्पादन सहित अतिरिक्त कार्यों को सम्पादित करना होगा। कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने कहा कि समय का प्रबंधन आज के समय की आवश्यकता है। माता–पिता ने जिस उद्‌देश्य से यहां भेजा है उसे कुशलता पूर्वक पूरा करें। अध्ययन से समझौता नहीं करें।

उड़ान टीम की सदस्य पारुल ने स्टूडेण्ट मैग्जिन– **उड़ान** के संरक्षक माननीय कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी के समक्ष 'उड़ान की तैयारी' के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उड़ान के लिए आर्टिकल, कविता आदि प्राप्त करने के लिए के लिए कैफेटेरिया, हास्टल सहित प्रमुख भवनों में ड्राप बाक्स रखे गये हैं। इस ड्राप बाक्स के जरिये 27 अगस्त तक आर्टिकल प्राप्त किये जायेंगे। इसके साथ ही अन्य माध्यमों से उड़ान के लिए आर्टिकल्स प्राप्त करने के लिए अंतिम तारीख 20 सितम्बर निर्धारित की गयी है। आर्टिकल प्राप्त करने के लिए उड़ान के लिए एडिटोरियरल, मैनेजमेण्ट, डिजाइनर सहित कुल पांच बोर्ड बनाये जायेंगे। इसके चयन के लिए 'टेस्ट' लिये जायेंगे। इस अवसर पर माननीय कुलपति ने उड़ान टीम को आवश्यक सुझाव दिये।

इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता एस.व्ही. एस. चौहान, डा. ब्रजेश तिवारी, डा. चन्द्रशेखर बझलवार सहित राजनीति विज्ञान, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षकगण के साथ ही छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन उड़ान टीम की समन्वयक डॉ. अनुपमा सक्सेना ने किया।

मीडिया प्रभारी